**Series GEFH1/C**

**SET ~ 1**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **59/C/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book. *

# राजनीति विज्ञान
# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum Marks : 80*

| नोट / NOTE : | |
|---|---|
| (i) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं ।<br>Please check that this question paper contains **23** printed pages. |
| (ii) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।<br>Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (iii) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।<br>Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (iv) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**<br>**Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (v) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।<br>15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i) इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii) यह प्रश्न–पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii) **खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय (MCQ) प्रकार के **एक-एक** अंक के प्रश्न हैं ।*

*(iv) **खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **13** से **18** तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **दो-दो** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **50** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v) **खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **19** से **23** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(vi) **खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **24** से **26** तक अवतरण, कार्टून तथा मानचित्र–आधारित प्रश्न हैं ।*

*(vii) **खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **27** से **30** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **छह–छह** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **170** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(viii) प्रश्न–पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है । यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । इन प्रश्नों में से केवल **एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए ।*

*(ix) इसके अतिरिक्त, प्रत्येक खण्ड एवं प्रश्नों के साथ, जहाँ आवश्यक हैं, निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **12** तक बहुविकल्पीय (MCQ) प्रकार के **एक-एक** अंक के प्रश्न हैं ।* *12×1=12*

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश 'दक्षिण एशिया' में शामिल ***नहीं*** है ?

(a) भूटान (b) नेपाल

(c) चीन (d) पाकिस्तान

**2.** यूरोपीय संघ के झंडे में बने सोने के रंग के सितारों का घेरा _________ का प्रतीक है ।

(a) एकता तथा शक्ति

(b) शांति तथा सौहार्द

(c) एकता तथा विभिन्नता

(d) एकता और मेल-मिलाप

**3.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश आसियान (ASEAN) के संस्थापक देशों में ***नहीं*** था ?

(a) सिंगापुर (b) थाईलैंड

(c) इंडोनेशिया (d) वियतनाम

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i) This question paper contains **30** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii) This question paper is divided into **five** sections – Section **A**, **B**, **C**, **D** and **E**.*

*(iii) In **Section A** – Questions no. **1** to **12** are Multiple Choice (MCQ) type questions, carrying **1** mark each.*

*(iv) In **Section B** – Questions no. **13** to **18** are Short Answer (SA) type questions, carrying **2** marks each. Answers to these questions should not exceed **50** words each.*

*(v) In **Section C** – Questions no. **19** to **23** are Long Answer (LA) type questions, carrying **4** marks each. Answers to these questions should not exceed **100** words each.*

*(vi) In **Section D** – Questions no. **24** to **26** are Passage, Cartoon and Map-based questions.*

*(vii) In **Section E** – Questions no. **27** to **30** are Long Answer (LA) type questions, carrying **6** marks each. Answers to these questions should not exceed **170** words each.*

*(viii) There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only **one** of the choices in such questions has to be attempted.*

*(ix) In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## SECTION A

*Questions no. **1** to **12** are Multiple Choice (MCQ) type questions, carrying **1** mark each.* *12×1=12*

**1.** 'South Asia' does ***not*** include which one of the following countries ?

(a) Bhutan (b) Nepal

(c) China (d) Pakistan

**2.** In the European Union flag, the circle of gold stars stands for ________.

(a) solidarity and strength

(b) peace and harmony

(c) unity and diversity

(d) solidarity and harmony

**3.** Which one of the following was ***not*** a founder country of ASEAN ?

(a) Singapore (b) Thailand

(c) Indonesia (d) Vietnam

4. सोवियत मॉडल पर आधारित चीन की अर्थव्यवस्था के संबंध में असत्य कथन को पहचानिए ।

(a) सभी नागरिकों को रोज़गार सुनिश्चित किए गए ।

(b) बेहतर स्वास्थ्य का आश्वासन नहीं दिया गया ।

(c) चीन कई विकासशील देशों से आगे निकल गया ।

(d) समाज कल्याण की कई योजनाएँ प्रारंभ की गईं ।

5. निम्नलिखित में से कौन संयुक्त राष्ट्रसंघ की एक एजेंसी ***नहीं*** है ?

(a) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

(b) यूनेस्को (UNESCO)

(c) अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय

(d) यूनिसेफ (UNICEF)

6. पारंपरिक सुरक्षा की अवधारणा के अनुसार, किसी देश की सुरक्षा को निम्नलिखित में से किस एक से सर्वाधिक खतरा है ?

(a) सीमा के बाहर से सैन्य खतरा

(b) आर्थिक संकट से

(c) जनसंख्या विस्फोट से

(d) महामारियों से

7. भारत का पहला उप-प्रधानमंत्री कौन था ?

(a) सरदार पटेल
(b) मोरारजी देसाई
(c) चौ. चरण सिंह
(d) सी. राजगोपालाचारी

8. 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किस लिए किया गया था ?

(a) केन्द्र-शासित क्षेत्रों के निर्माण की सिफारिश के लिए

(b) राज्यों के पुनर्सीमांकन के लिए

(c) रजवाड़ों के भारत में विलय के लिए

(d) केवल ब्रिटिश शासन के अधीन प्रांतों के पुनर्गठन के लिए

**4.** Identify the false statement related to the Chinese economy based on the Soviet model.

(a) Employment was assured to all citizens.

(b) Better health was not ensured.

(c) China moved ahead of many developing countries.

(d) Many social welfare schemes were introduced.

**5.** Which one of the following is ***not*** an agency of the United Nations ?

(a) International Labour Organisation

(b) UNESCO

(c) International Court of Justice

(d) UNICEF

**6.** In the traditional concept of security, the greatest danger to the security of a country is from _______.

(a) military threats from outside its borders

(b) economic crisis

(c) population explosion

(d) from epidemics

**7.** Who was the first Deputy Prime Minister of India ?

(a) Sardar Patel (b) Morarji Desai

(c) Ch. Charan Singh (d) C. Rajgopalachari

**8.** The States Reorganisation Commission was appointed in 1953 to ______.

(a) recommend the formation of Union Territories

(b) redraw the boundaries of States

(c) merge the Princely States with India

(d) reorganise only the provinces under the British control

**9.** सितम्बर 1961 में, गुटनिरपेक्ष आंदोलन का पहला सम्मेलन कहाँ हुआ था ?

(a) नई दिल्ली (b) काहिरा

(c) जकार्ता (d) बेलग्रेड

**10.** किस वर्ष में चीन ने तिब्बत को अपने नियंत्रण में लिया था ?

(a) 1950 (b) 1956

(c) 1962 (d) 1968

**11.** निम्नलिखित घटनाओं को उनके घटना काल के क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :

(i) लोक सभा चुनाव जिनके पश्चात् संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) केन्द्र में सत्ता में आया ।

(ii) बहुजन समाज पार्टी को उत्तर प्रदेश में पहली बार उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई ।

(iii) मंडल आयोग ने अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कीं ।

(iv) एच.डी. देवगौड़ा भारत के प्रधान मंत्री बने ।

सही विकल्प चुनिए ।

(a) (i), (ii), (iii), (iv) (b) (i), (iii), (ii), (iv)

(c) (iii), (ii), (iv), (i) (d) (iv), (iii), (ii), (i)

*प्रश्न संख्या 12 के लिए, दो कथन दिए गए हैं — जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन कथनों को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए विकल्पों (a), (b), (c) और (d) में से उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनिए ।*

**12.** *अभिकथन (A) :* 2014 के बाद भारतीय राजनीति में प्रमुख परिवर्तन, जाति और धर्म-आधारित राजनीति से विकास और शासन-उन्मुख राजनीति की ओर जाना था ।

*कारण (R) :* एन.डी.ए. III की सरकार ने जनता के लिए आर्थिक-सामाजिक कल्याण की अनेक योजनाओं को शुरू किया ।

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है ।

9. Where was the first summit of the NAM held in September 1961 ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | New Delhi | (b) | Cairo |
| (c) | Jakarta | (d) | Belgrade |

10. In which year did China take over the control of Tibet ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | 1950 | (b) | 1956 |
| (c) | 1962 | (d) | 1968 |

11. Rearrange the following events in a chronological order :

(i) Lok Sabha Elections after which United Progressive Alliance (UPA) came to power at the Centre.

(ii) Bahujan Samaj Party achieved first breakthrough in Uttar Pradesh.

(iii) The Mandal Commission gave its recommendations.

(iv) H.D. Deve Gowda became the Prime Minister of India.

Choose the correct option.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | (i), (ii), (iii), (iv) | (b) | (i), (iii), (ii), (iv) |
| (c) | (iii), (ii), (iv), (i) | (d) | (iv), (iii), (ii), (i) |

*For Question number 12, two statements are given — one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Read these statements carefully and choose the correct option as the answer from the options (a), (b), (c) and (d) given below.*

12. *Assertion (A) :* A major change in Indian politics after 2014 is the shift from caste and religion-based politics to development and governance-oriented.

*Reason (R) :* The NDA III government started several socio-economic welfare schemes for the masses.

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

## खण्ड ख

**13.** 'ब्रिक्स (BRICS)' का विस्तृत रूप लिखिए तथा इसके मुख्य उद्देश्य को उजागर कीजिए । *1+1=2*

**14.** दूसरी दुनिया के किन्हीं चार देशों के नाम लिखिए । $4 \times \frac{1}{2} = 2$

**15.** "यूरोपीय संघ एक राजनीतिक संघ के रूप में अधिक विकसित हुआ है" – इस कथन के पक्ष में कोई दो तर्क दीजिए । $2 \times 1 = 2$

**16.** मुस्लिम लीग द्वारा प्रस्तुत 'द्वि-राष्ट्र के सिद्धांत' की व्याख्या कीजिए । *2*

**17.** 1964 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के विभाजन के कारण को स्पष्ट कीजिए । *2*

**18.** स्वतंत्रता के बाद पहली बार किसी ग़ैर-काँग्रेसी राजनीतिक दल ने कब और किस राज्य में सरकार बनाई ? उस राजनीतिक दल का नाम भी लिखिए । *1+1=2*

## खण्ड ग

**19.** संयुक्त राष्ट्रसंघ के किन्हीं चार प्रमुख अंगों का उल्लेख कीजिए और उनमें से किसी एक की संरचना का वर्णन कीजिए । *2+2=4*

**20.** क्या यह उचित है कि वीटो शक्ति का अधिकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के केवल पाँच स्थायी सदस्यों को ही दिया जाए ? किन्हीं दो उपयुक्त तर्कों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए । $2 \times 2 = 4$

**21.** भारत की संस्कृति पर वैश्वीकरण के हुए किन्हीं दो प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । $2 \times 2 = 4$

**22.** 1947 में विभाजन के पश्चात्, स्वतंत्र भारत के समक्ष आईं किन्हीं दो चुनौतियों को उजागर कीजिए । $2 \times 2 = 4$

**23.** भारत में 1960 के दशक को 'खतरनाक दशक' के रूप में कहे जाने के लिए उत्तरदायी आशंकाओं को उजागर कीजिए । *4*

## SECTION B

**13.** Write the full form of 'BRICS' and highlight its main objective. *1+1=2*

**14.** Name any four countries of the Second World. $4\times\frac{1}{2}=2$

**15.** Give any two arguments to support the statement – "The European Union has increasingly evolved as a political union". *2×1=2*

**16.** Explain the 'Two-Nation Theory' advanced by the Muslim League. *2*

**17.** Explain the cause of split in the Communist Party of India in 1964. *2*

**18.** When and in which State did a non-Congress political party form the Government after Independence for the first time ? Name the political party also. *1+1=2*

## SECTION C

**19.** Name any four principal organs of the United Nations and describe the composition of any one of them. *2+2=4*

**20.** Is it justified to give Veto Power only to five permanent members of the U.N. Security Council ? Support your answer with any two arguments. *2×2=4*

**21.** Analyse any two effects of globalisation on the culture of India. *2×2=4*

**22.** Highlight any two challenges faced by free India after partition in 1947. *2×2=4*

**23.** Highlight the apprehensions responsible for labelling the decade of 1960s in India as the 'dangerous decade'. *4*

## खण्ड घ

**24.** निम्नलिखित अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*

1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी थी । इस सरकार ने घोषणा की कि सच्ची गुटनिरपेक्ष नीति का पालन किया जाएगा । इसके बाद की सभी सरकारों ने (काँग्रेसी या ग़ैर-काँग्रेसी) चीन के साथ बेहतर संबंध बनाने और अमरीका के साथ नज़दीकी रिश्ते बनाने की पहल की । भारतीय राजनीति में और आमतौर पर चलने वाली बहसों में भी भारत की विदेश नीति को विशेष तौर पर दो संदर्भों में देखा जाता है । 1990 के बाद के दौर में अमरीका-समर्थक विदेश नीति अपनाने के लिए शासक दलों की आलोचना हुई है ।

(i) जनता पार्टी सरकार ने सच्ची गुटनिरपेक्ष नीति का पालन करने के लिए भारतीय विदेश नीति में क्या परिवर्तन करने का फैसला किया ?

(a) सोवियत संघ की ओर झुकाव को सही किया जाएगा ।

(b) भारत अपना शक्ति गुट बनाएगा ।

(c) भारत अपनी विदेश नीति में अमरीका की ओर झुकाव वाली नीति लाएगा ।

(d) भारत पृथक् रहने की नीति अपनाएगा ।

(ii) 1977 में जनता पार्टी के शासनकाल में निम्नलिखित में से भारत के प्रधान मंत्री कौन थे ?

(a) चौ. चरण सिंह (b) मोरारजी देसाई

(c) चौ. देवी लाल (d) चन्द्रशेखर

(iii) 1990 के दशक में भारतीय विदेश नीति में अमरीका-समर्थक रणनीति अपनाने का कारण क्या था ?

(a) आर्थिक हित (b) सैन्य हित

(c) न्यूक्लियर हित (d) सांस्कृतिक हित

## SECTION D

**24.** Read the following passage carefully and answer the questions that follow : *4×1=4*

The Janata Party Government that came to power in 1977 announced that it would follow genuine non-alignment. Since then, all Governments, (Congress or non-Congress) have taken initiatives for restoring better relations with China and entering into close ties with US. In Indian politics and in popular mind, India's foreign policy is always very closely linked to two questions. In the post-1990 period, the ruling parties have often been criticised for their pro-US foreign policy.

(i) What did the Janata Party Government decide to change in the foreign policy of India to follow genuine non-alignment ?

(a) Pro-Soviet tilt would be corrected.

(b) India would form its own power bloc.

(c) India would have a pro-US tilt in its foreign policy.

(d) India would remain isolated.

(ii) Who among the following was the Prime Minister of India when the Janata Party came into power in 1977 ?

(a) Ch. Charan Singh (b) Morarji Desai

(c) Ch. Devi Lal (d) Chandra Shekhar

(iii) The pro-US strategy in India's foreign policy during 1990s was mainly due to its _______.

(a) economic interests (b) military interests

(c) nuclear interests (d) cultural interests

(iv) निम्नलिखित मुद्दों में से कौन-सा मुद्दा हमेशा भारत की विदेश नीति से निकटता से जुड़ा रहा है ?

(a) भारत-श्रीलंका के व्यापारिक संबंध

(b) भारत-पाकिस्तान के संबंध

(c) भारत-चीन के सांस्कृतिक संबंध

(d) भारत-जापान के परमाणु संबंध

**25.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 13 पर) में चार राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ तथा Ⓓ के द्वारा अंकित किया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या तथा मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए : *4×1=4*

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या | मानचित्र में दिया गया संबंधित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |


(i) वह राज्य जिसका संबंध समाज सुधारक ई.वी. रामास्वामी पेरियार से था ।

(ii) वह राज्य जहाँ राजीव गाँधी – लोंगोवाल समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे ।

(iii) वह राज्य जिससे लालडेंगा का संबंध था ।

(iv) वह राज्य जिसका संबंध पूर्व प्रधान मंत्री एच.डी. देवगौड़ा से था ।

प्रश्न सं. 25 के लिए


भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
D
B
C
A
km
Scale 1:15000,000
km
100 50 0
100 200 300 400 500

(iv) Which one of the following issues has always been closely linked to India's foreign policy ?

(a) India's trade relations with Sri Lanka

(b) India's relations with Pakistan

(c) India's cultural relations with China

(d) India's nuclear relations with Japan

**25.** In the given political outline map of **India** (on page 15), four States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ and Ⓓ . Identify these States on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabets given in the map as per the following format : *4×1=4*

| Serial number of the information used | Concerned alphabet given in the map | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |


(i) The State to which the social reformer E.V. Ramaswamy Periyar belonged.

(ii) The State where Rajiv Gandhi – Longowal Accord was signed.

(iii) The State to which Laldenga belonged.

(iv) The State to which former Prime Minister H.D. Deve Gowda belonged.

For question no. 25



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **25** के स्थान पर हैं :* *4×1=4*


(25.1) उस राज्य का नाम लिखिए जिसका संबंध समाज सुधारक ई.वी. रामास्वामी पेरियार से था ।

(25.2) राजीव गाँधी – लोंगोवाल समझौता किस राज्य के बारे में हुआ था ?

(25.3) किस राज्य की समस्याओं का समाधान करने के लिए लालडेंगा तथा राजीव गाँधी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे ?

(25.4) जम्मू तथा कश्मीर राज्य से कौन-से दो केन्द्र-शासित क्षेत्र बनाए गए ?

**26.** नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : *4×1=4*




Surendra, The Hindu

(i) दिया गया कार्टून निम्नलिखित क्षेत्रीय संगठनों में से किस एक से संबंधित है ?

(a) आसियान (b) ब्रिक्स

(c) जी-7 (d) सार्क (दक्षेस)

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***25*** *:* *4×1=4*


(25.1) The Social reformer E.V. Ramaswamy Periyar belonged to which State ?

(25.2) Rajiv Gandhi – Longowal Accord was signed for which State ?

(25.3) Rajiv Gandhi signed an agreement with Laldenga to resolve the problems of which State ?

(25.4) Which two Union Territories were carved out of the State of Jammu and Kashmir ?

**26.** Study the cartoon given below carefully and answer the questions that follow : *4×1=4*




Surendra, The Hindu

(i) The cartoon is related to which one of the following regional organisations ?

(a) ASEAN (b) BRICS

(c) G-7 (d) SAARC

(ii) उस सदस्य देश की पहचान कीजिए जिसका नाम कार्टून में नहीं है ।

(a) ईरान

(b) अफगानिस्तान

(c) म्याँमार

(d) पाकिस्तान

(iii) कार्टून से संबंधित संगठन का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(a) बहुस्तरीय साधनों से सदस्य राज्यों में सहयोग स्थापित करना ।

(b) द्विस्तरीय संघर्षों को निपटाना ।

(c) आपसी सामाजिक तथा धार्मिक संघर्षों का हल निकालना ।

(d) सामान्य दुश्मन के विरुद्ध इकट्ठे मिलकर मुकाबला करना ।

(iv) निम्नलिखित सदस्य देशों में से किस देश में निर्वाचित सरकार ***नहीं*** है ?

(a) नेपाल (b) मालदीव

(c) भूटान (d) बांग्लादेश

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **26** के स्थान पर हैं :* *4×1=4*

(26.1) सार्क संबंधी, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) यह एक मुख्य अंतर्राष्ट्रीय पहल है ।

(b) सहयोग की स्थापना के लिए यह एक क्षेत्रीय प्रयास है ।

(c) इसका विस्तृत नाम (रूप) है साउथ एशियन एसोसिएशन फॉर रिवाइवल ऑफ कोऑपरेशन ।

(d) सार्क (दक्षेस) का सबसे शक्तिशाली सदस्य देश चीन है ।

(ii) Identify the member country whose name is missing in the cartoon.

(a) Iran

(b) Afghanistan

(c) Myanmar

(d) Pakistan

(iii) What is the main objective of the organisation related to the cartoon ?

(a) To evolve cooperation among member states through multilateral means.

(b) To resolve bilateral conflicts.

(c) To solve mutual social and religious conflicts.

(d) To fight together against a common enemy.

(iv) Which one of the following member countries does ***not*** have an elected government ?

(a) Nepal (b) Maldives

(c) Bhutan (d) Bangladesh

***Note :*** *The following questions are for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***26*** *:* $4 \times 1 = 4$

(26.1) Which one of the following statements about SAARC is correct ?

(a) It is a major international initiative.

(b) It is a regional effort to evolve cooperation.

(c) Its full form is South Asian Association for Revival of Cooperation.

(d) China is the most powerful member of SAARC.

(26.2) साफ्टा (SAFTA) का सही विस्तृत रूप पहचानिए ।

(a) साउथ एशियन फॉरेन ट्रेड एग्रीमेंट

(b) साउथ एशियन फाइनेंशियल ट्रेड एसोसिएशन

(c) साउथ एशियन फ्री ट्रेड एग्रीमेंट

(d) साउथ एशियन फ्री ट्रैवल एग्रीमेंट

(26.3) निम्नलिखित में से किस देश को 'दक्षिण एशिया' में सम्मिलित ***नहीं*** किया जाता है ?

(a) अफगानिस्तान (b) पाकिस्तान

(c) चीन (d) म्याँमार

(26.4) नेपाल ने नए संविधान को किस वर्ष अंगीकृत किया था ?

(a) 2014

(b) 2015

(c) 2016

(d) 2017

## खण्ड ङ

**27.** (क) सोवियत संघ में सुधार लाने हेतु गोर्बाचेव द्वारा प्रारंभ किए गए सुधारों के किन्हीं तीन विपरीत प्रभावों का विश्लेषण कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

(ख) सोवियत संघ के विघटन के किन्हीं तीन परिणामों का विश्लेषण कीजिए । *3×2=6*

**28.** (क) स्वतंत्रता के पश्चात् पहली बार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने में भारत के चुनाव आयोग के समक्ष आई समस्याओं का विश्लेषण कीजिए । *6*

**अथवा**

(ख) स्वतंत्रता के पश्चात् पहले दो दशकों के दौरान भारत की राजनीति में विपक्षी दलों की भूमिका का आकलन कीजिए । *6*

(26.2) Identify the correct full form of SAFTA.

(a) South Asian Foreign Trade Agreement

(b) South Asian Financial Trade Association

(c) South Asian Free Trade Agreement

(d) South Asian Free Travel Agreement

(26.3) Which one of the following countries is ***not*** included in 'South Asia' ?

(a) Afghanistan (b) Pakistan

(c) China (d) Myanmar

(26.4) In which year did Nepal adopt a new constitution ?

(a) 2014

(b) 2015

(c) 2016

(d) 2017

## SECTION E

**27.** (a) Analyse any three adverse effects of the reforms initiated by Gorbachev in the Soviet Union. *3×2=6*

**OR**

(b) Analyse any three consequences of the disintegration of the Soviet Union. *3×2=6*

**28.** (a) Analyse the problems faced by the Election Commission of India in holding free and fair elections for the first time after Independence. *6*

**OR**

(b) Assess the role played by the opposition parties in the politics of India during the first two decades after Independence. *6*

**29.** (क) स्वतंत्रता के पश्चात् जम्मू तथा कश्मीर की विवादास्पद तथा संघर्षपूर्ण राजनीति के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों को उजागर कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

(ख) भारत की राजनीति पर दूरगामी प्रभाव डालने वाली 1980 से 1990 के बीच में घटित किन्हीं तीन मुख्य घटनाओं को उजागर कीजिए । *3×2=6*

**30.** (क) वैश्वीकरण के किन्हीं तीन राजनीतिक परिणामों को उजागर कीजिए । *3×2=6*

**अथवा**

(ख) पर्यावरण संबंधी किन्हीं तीन समस्याओं को उजागर कीजिए जो विश्व राजनीति का हिस्सा बन चुकी हैं । *3×2=6*

**29.** (a) Highlight any three factors responsible for the controversial and conflict-ridden politics of Jammu and Kashmir since Independence. *3×2=6*

**OR**

(b) Highlight any three major developments that India witnessed from 1980 to 1990 that had a long lasting impact on Indian politics. *3×2=6*

**30.** (a) Highlight any three political consequences of globalisation. *3×2=6*

**OR**

(b) Highlight any three issues of environmental concern that have become part of global politics. *3×2=6*